समाचार

# 01 जून को वार्ड क्र. 01, 10, 20, 33, 40, 48, 54, 60 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट




कोरबा 31 मई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 01 जून मंगलवार को वार्ड क्र. 01, 10, 20, 33, 40, 48, 54, 60 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1061 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 50200 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 जून मंगलवार को वार्ड क्र. 01 पटेलपारा दुर्गा चौक, वार्ड क्र. 10 संजयनगर केनाल रोड, वार्ड क्र. 20 सामुदायिक भवन कांशीनगर आरामशीन, वार्ड क्र. 33 रामपुर सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 40 नेहरूनगर पार्षद घर के पास स्टेज, वार्ड क्र. 48 इंदिरा नगर सुमेधा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 54 स्कूल के पास, वार्ड क्र. 60 धरमपुर सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।